दिनांक : 14.08.2025

समय : 08.10AM

आकाशवाणी, भोपाल

मुख्य समाचार :-

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को करेंगी संबोधित।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल लाल किले पर करेंगे ध्वजारोहण।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज मंडला से जारी करेंगे मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना की किश्त।
- प्रदेश में हर घर तिरंगा अभियान के तहत गतिविधियों का दौर जारी।

राष्ट्रपति-संबोधन

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज उनासीवें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को संबोधित करेंगी। यह संबोधन शाम 7 बजे से आकाशवाणी के साथ हि दूरदर्शन के सभी चैनलों पर हिंदी और अंग्रेज़ी भाषा सुना जा सकेगा। इसके बाद, क्षेत्रीय चैनलों और  नेटवर्क पर पर इसे विभिन्न क्षेत्रीय भाषाओं में भी प्रसारित किया जाएगा।

स्वतंत्रता दिवस-हर घर तिरंगा अभियान

15 अगस्त को देश अपना 79वां स्वतंत्रता दिवस मानाने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली के लाल किले से राष्ट्रीय ध्वज फहराएँगे और राष्ट्र को संबोधित करेंगे।

पंचायती राज मंत्रालय नई दिल्ली के लाल किले में स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान 28 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 210 पंचायत प्रतिनिधियों को विशेष अतिथि के रूप में मेजबानी करेगा। इन विशिष्ट अतिथियों के लिए आज एक औपचारिक सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। इस वर्ष के कार्यक्रम का विषय “आत्मनिर्भर पंचायत, विकसित भारत की पहचान“ है,। इस समारोह के दौरान एआई संचालित ‘सभासार’ एप्लिकेशन का शुभारंभ होगा और ‘ग्रामोदय संकल्प पत्रिका’ के 16वें अंक का भी विमोचन होगा।

इस बीच, स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में “हर घर तिरंगा“ अभियान पूरे देश में जन आंदोलन का रूप ले चुका है। इस वर्ष के समारोह का विषय “नया भारत“ है। पेश है इसपे एक रिपोर्ट ..

कृषक -सम्मान

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कल दिल्ली के ऐतिहासिक लालकिले में प्रदेश के पांच कृषक दंपतियों को सम्मान प्रदान किया जाएगा। यह सम्मान राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड, नई दिल्ली तथा राज्य औषधीय पादप बोर्ड, भोपाल, आयुष विभाग, मध्यप्रदेश शासन के संयुक्त तत्वावधान में दिया जाएगा। सम्मान पाने वालों में रतलाम के दिनेश धाकड़-श्रीमती यशोदा धाकड़, निवाड़ी के बलराम कुशवाह-श्रीमती गायत्री कुशवाह, बालाघाट के रामेश्वर प्रसाद सोनकर-श्रीमती देविका सोनकर, सागर के आकाश चौरसिया और उज्जैन के सुरेश धाकड़-श्रीमती आशा बाई शामिल हैं।

मुख्यमंत्री - डायल-112

डॉ. मोहन यादव आज भोपाल से मध्यप्रदेश पुलिस की नवीन आपातकालीन सेवा डायल-112 का शुभारंभ करेंगे। कार्यक्रम में पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा भी उपस्थित रहेंगे।

डायल-112, प्रदेश की पिछली डायल-100 सेवा का विस्तार है,जो कई सेवाएं प्रदान करेगी जिसमे पुलिस, स्वास्थ्य, अग्निशमन, महिला हेल्पलाइन सहित अन्य आपातकालीन सेवाएं एकीकृत नंबर 112 से उपलब्ध होंगी।

विभाजन विभीषिका दिवस

आज विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर देश और प्रदेश में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो, और महारानी लक्ष्मीबाई कन्या स्नातकोत्तर शासकीय महाविद्यालय, भोपाल द्वारा चित्र प्रदर्शनी और जागरूकता कार्यक्रम आज भी जारी रहेंगे। इसका आयोजन महारानी लक्ष्मीबाई कन्या स्नातकोत्तर शासकीय महाविद्यालय में किया जा रहा है। इसका शुभारम्भ महापौर मालती राय ने कल किया था। इसी तरह नरसिंहपुर और सतना में भी केन्द्रीय संचार ब्यूरो ने स्वतंत्रता दिवस और विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया है। भोपाल के स्वराज संस्थान द्वारा भी आज कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री- बलराम जयंती समारोह

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज मंडला में आयोजित भगवान बलराम जयंती समारोह में शामिल होंगे। आरडी कॉलेज मंडला में आयोजित इस कार्यक्रम में डॉ. यादव, मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के अंतर्गत प्रदेश के करीब 83 लाख किसानों के खातों में 1671 करोड़ रुपए की राशि सिंगल क्लिक से अंतरित करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव इस अवसर पर 226 करोड़ 12 लाख रुपए की लागत के कुल 24

विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण भी करेंगे। नमें 9 कार्य भूमिपूजन के लिए और 15 कार्य लोकार्पण के लिए शामिल हैं।

शहीद गजेंद्र सुर्वे

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल उज्जैन में शहीद गजेंद्र सुर्वे जी के परिवार को सरकार की तरफ से दिए गए आवास का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने इसे अपने लिए गर्व का विषय बताया और कहा..

प्रदेश- हर घर तिरंगा

मध्यप्रदेश में जोर-शोर के साथ हर घर तिरंगा अभियान, स्वच्छता की थीम के साथ मनाया जा रहा है। कल मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इंदौर में "हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता" अभियान की यात्रा में शामिल हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इंदौर के स्वच्छता में देश में लगातार आठवीं बार अव्वल रहने पर स्वच्छता कर्मियों का सम्मान किया। उन्होंने स्वच्छता दीदियों और अन्य बहनों से राखी भी बंधवायी। हर घर तिरंगा अभियान के तहत, मध्यप्रदेश खेल विभाग आज भोपाल के बड़े तालाब में जल तिरंगा यात्रा का आयोजन करेगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्य अतिथि के रूप में और खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग विशेष अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

मुख्यमंत्री- अपैरल एवं टेक्सटाइल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज राजधानी भोपाल स्थित मुख्यमंत्री निवास में देश और दुनिया के 15 से अधिक शीर्ष अपैरल एवं टेक्सटाइल ब्रांड्स के प्रतिनिधियों और उद्योगपतियों के साथ निवेश संवाद करेंगे। बैठक में 'मेड इन एमपी-वियर एक्रॉस द वर्ल्ड' विज़न पर चर्चा होगी। इस अवसर पर बी एस एल एसोसिएशन और मध्यप्रदेश सरकार के बीच निवेश संवर्धन, सोर्सिंग सुविधा और क्षमता निर्माण के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर होंगे।

ओलंपिक संघ

भारतीय ओलंपिक संघ ने अपनी विशेष आम बैठक के दौरान वर्ष 2030 में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी के लिए भारत की दावेदारी को औपचारिक रूप से मंजूरी दे दी है। भारत ने 2030 के राष्ट्रमंडल खेलों के लिए अहमदाबाद को मेज़बान शहर बनाते हुए पहले ही आशय पत्र जमा कर दिया है। भारत को हालांकि 31 अगस्त की समय सीमा से पहले अंतिम बोली के लिए प्रस्ताव जमा करने होंगे। भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी ऊषा ने इस पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की।

मौसम

प्रदेश के कई जिलों में एक बार फिर तेज बारिश का दौर जारी है। मौसम विभाग ने आज और कल के लिए नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, नरसिंहपुर, छिन्दवाड़ा पार्ढुना जिलों में अति भारी बारिश का आरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा अन्य जिलों में बारिश के लिए यलो अलर्ट है। मौसम विभाग के अनुसार अगले चार दिनों तक प्रदेश के कई हिस्सों में तेज बारिश होने की संभावना है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- शिवपुरी में आगामी त्यौहारों को देखते हुए सद्भावना एवं समन्वय समिति की बैठक में कलेक्टर ने नगरपालिका को शहर के मार्गों की साफ-सफाई, सड़कों की मरम्मत, गड्ढों का भराव और आवारा पशुओं को हटाने के निर्देश दिए हैं।
- आगरमालवा में हुई जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए की एलपीजी गैस से चलने वाले चार पहिया वाहनों के रजिस्ट्रेशन निरस्त कर दिये जाएंगे।
- झाबुआ में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता अभियान अंतर्गत राजवाड़ा चौक पर पुलिस बैंड और देशभक्ति गीतों की भावनात्मक प्रस्तुतियां दी गईं।
- जबलपुर में कलेक्टर ने डीजे-रैलियों पर प्रतिबंध जारी किया है। किसी भी आयोजन से पहले प्रशासन से अनुमति लेनी पड़ेगी। कलेक्टर ने यह आदेश आगामी त्योहारों को देखते हुए जारी किए हैं।
- पन्ना में आज बलराम जयंती और 16 अगस्त को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर श्रीकृष्ण पर्व और लीला पुरुषोत्तम का प्राकट्योत्सव का आयोजन किया जाएगा। आज से 16 अगस्त तक तीन दिवसीय श्रीकृष्ण पर्व मनाया जाएगा।
- सतना में केंद्रीय संचार ब्यूरो रीवा द्वारा भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की वीर गाथा, विभाजन विभीषिका एवं हर घर तिरंगा विषय पर दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का आयोजन शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में किया गया।

-------